RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 20 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 299 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एनडीए में होगी शामिल? बीजेपी नेता के साथ हुई बैठक...

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का कुनबा और बढ़ सकता है. सूत्रों ने बताया कि जल्द ही राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एनडीए में शामिल होगी. मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशीष शेलार ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की और लगभग 1 घंटे से ज्यादा चर्चा की. इस बैठक के बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि जल्द राज ठाकरे महायुति के साथी बन सकते है. जल्द ही राज ठाकरे को दिल्ली बुलाया जा सकता है. वो यहां बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे.



### फडणवीस ने किया था ये दावा

इससे पहले 15 फरवरी को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम में कहा था कि आपको जल्द ही पता चल जाएगा कि राज ठाकरे साथ आएंगे या नहीं. उन्होंने कहा था, ''समय बताएगा कि MNS अब कहां होगी. राज ठाकरे के साथ हमारी अच्छी दोस्ती है. हमारी बैठकें होती रहती हैं.'' पीएम नरेंद्र मोदी और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बाद राज ठाकरे मंदिर में दर्शन करने और आरती करने वाले तीसरे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति होंगे. मनसे शहर इकाई के अध्यक्ष सुदाम कोम्बडे ने कहा कि शहर इकाई नासिक से लोकसभा चुनाव लड़ने पर जोर देगी. हालांकि, अंततः वे पार्टी प्रमुख के आदेश का पालन करेंगे. कोम्बडे ने कहा, ''नासिक के लोगों ने पहले भी ठाकरे पर प्यार और आशीर्वाद बरसाया है. हम 2012 से 2017 तक नासिक नगर निगम में सत्ता में थे, मेयर भी पार्टी के थे.

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे राज ठाकरे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने 9 मार्च को नासिक शहर में अपनी सालगिरह मनाने का फैसला किया है, जब पार्टी अध्यक्ष राज ठाकरे राज्य भर के पदाधिकारियों और पदाधिकारियों की एक सभा को संबोधित करेंगे. उनका 7 मार्च को देर शाम नासिक पहुंचने का कार्यक्रम है. 8 मार्च को वह पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे. वह शाम को कालाराम मंदिर में 'आरती' करेंगे.

## रवि राणा का दावा, उद्धव पर डोरे डाल रही बीजेपी !

### बीजेपी गठबंधन में होगी ठाकरे की वापसी

**महाराष्ट्र :** कांग्रेस के सीनियर नेता अशोक चव्हाण के बीजेपी में शामिल होने के बाद महाविकास आघाडी में खलबली मची है। वहीं अब बीजेपी समर्थित निर्दलीय विधायक रवि राणा ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे भी बीजेपी गठबंधन में शामिल हो जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के टारगेट को हासिल करने के लिए उद्धव पर डोरे डाल रही है। उनका सर्वे बता रहा है कि बिना उद्धव को महायुति में शामिल किए महाराष्ट्र में मिशन 45 को हासिल करना मुश्किल होगा। इससे पहले बीजेपी ने इंडिया गठबंधन से बिहार के सीएम नीतीश कुमार को तोड़ कर विपक्षी दलों को बड़ा झटका दिया है। अब उनके टारगेट पर महाराष्ट्र के



पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि पिछले सपताह जब उद्धव ठाकरे कोंकण दौरे पर थे तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए एक अहम बयान दिया था। उन्होंने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी को दुश्मन नहीं मानता हूं। जानकारों का कहना है कि उद्धव ने अपने इस बयान से एक बड़ा संदेश दिया है।

रवि राणा, निर्दलीय विधायक के दवा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे बीजेपी गठबंधन में में शामिल होंगे। पूर्व सीएम अपने अहंकार में बाला साहेब के विचारों को भूल गए हैं। उनके पास अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### अपनी शर्तों के साथ शामिल होंगे उद्धव

शिवसेना में फूट के बाद भले ही सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना, बीजेपी के साथ हैं, लेकिन अभी भी भावनात्मक रूप से उद्धव को अपने वोटर का सपोर्ट मिल रहा है। यही हाल राकां का है। अजित पवार बीजेपी के साथ हैं लेकिन पार्टी कैडर और समर्थक शरद पवार के पक्ष में हैं। इस वजह से बीजेपी हाईकमान परेशान है। उद्धव का कमिटमेंट अपनी सहयोगी कांग्रेस व शरद पवार की पार्टी के साथ है। यही वजह है कि वे लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के साथ आने को तैयार नहीं हैं। चुनाव के बाद ठाकरे अपनी शर्तो के साथ बीजेपी से चर्चा कर सकते हैं।

## पुलिस हिरासत में लिए गए AIMIM के पूर्व विधायक वारिस पठान, नया नगर का करने वाले थे दौरा...



**मुंबई :** AIMIM नेता और पूर्व विधायक वारिस पठान को मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया है. वारिस पठान को तब हिरासत में लिया गया जब वह मीरा रोड के नया नगर इलाके में जा रहे थे. AIMIM के नेता कुछ दिन पहले नया नगर में हुए बवाल मामले में वहां के लोगों से मिलने जा रहे थे. इसके अलावा वह वहां के पुलिस कमिश्नर से भी मिलने वाले थे लेकिन पुलिस ने वारिस पठान को मीरा रोड के टोल नाके पर ही हिरासत में ले लिया.

पुलिस का मानना है कि वारिस पठान अगर नया नगर जाते तो माहौल खराब हो सकता था. दरअसल, यह वही जगह है जहां एक धार्मिक रैली निकाले जाने के दौरान हिंसक झड़प हुई थी. इसलिए, पुलिस ने वारिस पठान को नया नगर में ना आने के लिए नोटिस भी जारी किया था. उधर, हिरासत में लिए जाने के बाद वारिस पठान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया है. हिरासत में लिए जाने के दौरान वारिस पठान ने मीडिया से बातचीत में कहा, ''मैंने पुलिस को सूचित किया था कि मैं 19 फरवरी को मीरा रोड जाउंगा लेकिन मुझे इजाजत नहीं दी गई थी और वे मुझे जाने की इजाजत नहीं दे रही है.''

## घाटकोपर में मानसून के दौरान नही भरेगा पानी

### उपाय योजना के लिए मनपा खर्च करेगी 36 करोड़

**मुंबई :** मानसून के दौरान लोगो को तकलीफों का सामना न करना पड़े इसके लिए मनपा अभी से तैयारी में जुट गई है। मनपा ने बड़े नालों की सफाई से लेकर छोटे नालों की मरम्मत और उनकी क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया है। मनपा ने घाटकोपर इलाके में मानसून के दौरान पानी नहीं भरे इसके लिए बरसात का पानी निकासी के लिए पुरानी पाइप लाइन बदलने का और बॉक्स ड्रेन जैसे बनाने पर जोर दिया है।मनपा इन कामों पर 36 करोड़ रुपया खर्च करेगी । बता दे कि घाटकोपर परिसर में आने वाले वार्ड नंबर 125 ,126 ,127130,131,132 और 133 सहित लगभग परिसर के 11 वार्डो



की बारिश की पुरानी पाइप लाइनों को बदलकर नई पाइप लाइन बिछाना।बॉक्स ड्रेन की क्षमता बढ़ाना और पाइप लाइनों का क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा। मुंबई में बारिश का पानी की निकासी करने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन अंग्रेजों के जमाने की है जो कि काफी जर्जर हो चुकी है और उनकी क्षमता भी बढ़ाने की जरूरत है। पुरानी पाइप लाइन की हालत ऐसी है की कहीं न कहीं पाइप लाइन टूटी फूटी पड़ी है जिससे परिसर में गंदगी और दुर्गंध फैलती रहती है। मुंबई महानगर पालिका ने पूरे घाटकोपर इलाके की पाइप लाइन बदलने और उनकी क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। मनपा ने इन 11 वार्डो में बारिश के पानी की निकासी की क्षमता बढ़ाने के लिए मनपा ने 36 करोड़ रुपया खर्च करने की मंजूरी दी है। इन सभी कामों को 12 महीने में पूरा करना होगा।।

### इन वार्डो में करना होगा काम

घटकोपर के वार्ड क्रमांक 25, 126, 127, 130, 131, और 132 में बारिश की पाइप लाइन बदलने और पुरानी पाइप लाइनों की क्षमता बढ़ाने सहित दोबारा निर्माण करने का काम किया जाएगा जिस पर मनपा 16 करोड़ 55 लाख रुपया खर्च किया जाएगा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 125, 130, 131,132,और 133 में पुरानी पाइप लाइन , बॉक्स ड्रेन को बदलना और निर्माण करना इसी तरह सड़क किनारे की पाइप लाइन की क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा जिस पर 19 करोड़ 30 लाख रुपया खर्च किया जाएगा।

## भिवंडी में बार पर रेड... 33 लोगों पर मामला दर्ज



**ठाणे :** ठाणे के भिवंडी में एक बार पर छापेमारी के बाद 33 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नारपोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि छापेमारी शुक्रवार रात राजनोली नाका में की गई। उन्होंने बताया, तैंतीस लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इनमें 12 महिला वेटर, 17 ग्राहक और बार कर्मी शामिल हैं, उन पर अश्लीलता और अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया है। मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## दो लोगों की हत्या... शव को घसीटकर नदी में फेंका, 3 शख्स हुए गिरफ्तार

**ठाणे :** दो पानी विक्रेताओं की कथित तौर पर हत्या करने और उनके शवों को कसारा घाट और वैतरणा नदी में फेंकने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कसारा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक केडी कोल्हे ने कहा कि पीड़ितों में से एक का शव छह फरवरी को मिला था, जबकि दूसरे का शव तीन फरवरी को वैतरणा नदी में मिला। पुलिस ने मामले में तीन लोगों




ने पेंट्या चित्तारी (38), साईकुमार कदमाची (22) और किशोर शेट्टी (29) को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि चौथा आरोपी सागर तेलंग फरार है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने ठोके के साथ-साथ दूसरे विक्रेता की भी हत्या करने की बात कबूल की, जिसका शव उन्होंने कसारा घाट में फेंक दिया था। कसारा घाट पीड़ित की पहचान रिंकू गुप्ता के रूप में हुई है, जो उल्हासनगर क्षेत्र में ट्रेनों में पानी बेचता था।



# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## अर्थव्यवस्था में मंदी

गत सप्ताह दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और यूनाइटेड किंगडम ने कहा कि लगातार दो तिमाहियों से उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि ऋणात्मक है। आमतौर पर अर्थशास्त्री इसे अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत मानते हैं। इसकी वजह से जापान शायद सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में नीचे फिसल जाए। जर्मनी की जीडीपी जापान से अधिक हो सकती है। ऐसे में जापान अब शायद दुनिया की तीसरी के बजाय चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। ऐसा भी नहीं है कि जर्मनी बहुत अच्छी स्थिति में है। एक समय यूरो क्षेत्र के विकास का इंजन रहा जर्मनी अब उसकी सबसे कमजोर कड़ी है। दो दशकों तक जर्मनी की नियातीन्मुखी, विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहा क्योंकि उसे चीन की उत्पादकता और मांग की मदद हासिल थी और रूस से सस्ती प्राकृतिक गैस आसानी से मिल रही थी। अब भूराजनीतिक कारणों से वृद्धि के ये दोनों कारक सीमित हो गए हैं। वर्ष 2024 में जर्मनी के सालाना आधार पर 0.2 फीसदी वृद्धि हासिल करने का अनुमान है जबकि इसके 1.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया था। इससे पिछले वर्ष 0.3 फीसदी की गिरावट आई थी। यूनाइटेड किंगडम की मंदी में राजनीति की भी भूमिका रही है। 2016 में यूरोपीय संघ से अलग होने के निर्णय के असर अब नजर आने शुरू हुए हैं। इसके अलावा दिक्कतदेह घरेलू राजनीति का एक अर्थ यह भी है कि देश नए आवास और अधोसंरचना तैयार करने में नाकाम रहा है। इससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत गरीब महसूस कर रहे हैं। कमजोर उपभोक्ता मांग ने अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल दिया।

आज दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि के समक्ष राजनीति एक जोखिम के रूप में उभरी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल अमेरिका भी इस खतरे से मुक्त नहीं है। अमेरिकी बाजार जहां रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं लेकिन कंपनियों ने आय के इस सत्र में लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन पर मतभेद के कारण घरेलू बहिष्कार का असर अपने मुनाफे पर पड़ने के खतरे का जिक्र शुरू कर दिया है। फास्ट फूड चेन मैकडॉनल्ड के इजरायल में कारोबार के असंगठित बहिष्कार ने पिछली तिमाही में उसके प्रदर्शन पर बुरा असर डाला है।

इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है। रविवार को पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने ब्याज दरों में कटौती नहीं करने का निर्णय लिया। हालांकि देश कमजोर मांग और अचल संपत्ति के संकट के बीच अपस्फीति के मुद्दे से जूझ रहा है। गत माह चीन में उच्च मूल्य वाले अचल संपत्ति लेनदेन का आकार 2023 के समान महीने की तुलना में एक तिहाई कम था। चीन के जीडीपी के आकार और वृद्धि को मद्देनजर रखते हुए अगर वृद्धि को बहाल करना है तो बाजार में सुधार आवश्यक है। परंतु यहां भी राजनीति का हस्तक्षेप है।

अचल संपत्ति में सुधार के लिए चीन को दिवालिया प्राधिकारों, स्थानीय सरकारों और निजी क्षेत्र में सत्ता के स्वतंत्र केंद्र स्थापित करने होंगे। वह ऐसा नहीं करना चाहता। एकमात्र अपवाद जापान है। आखिर में उसकी अर्थव्यवस्था में गिरावट लाजिमी है क्योंकि उसके सामने जनसंख्या संबंधी चुनौतियां भी हैं। उसकी समस्याएं राजनीतिक नहीं बल्कि ढांचागत हैं, बशर्ते यह दलील न दी जाए कि देश राजनीतिक शिथिलता के कारण इतने सामाजिक सुधार नहीं कर पा रहा है ताकि लोगों को और बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित किया जा सके। भूराजनीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को कई झटके लगे हैं। यूक्रेन युद्ध ने ईंधन कीमतों को प्रभावित किया, अमेरिका-चीन की प्रतिद्वंद्विता ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया। अब पश्चिम एशिया में अस्थिरता दिख रही है। कई देशों में महामारी के बाद समुचित सुधार नहीं हुआ था, वे सभी विश्व व्यवस्था को बरकरार रखने में नाकामी की वजह से मुश्किल में हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# ठाणे जिले के लिए विशेषज्ञों को डर है कि भविष्य में पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा

**कल्याण: मुंबई महानगरीय क्षेत्र के ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, बदलापुर, अंबरनाथ शहरों का पिछले कुछ वर्षों में भारी शहरीकरण हुआ है। जैसे-जैसे यहां बड़ी आवासीय परियोजनाएं बन रही हैं, भविष्य में शहरों की आबादी बढ़ने वाली है। हालाँकि, इन शहरों में जल आपूर्ति का स्रोत सीमित है और इसे बढ़ाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। जलविज्ञानी डॉ. सरकार माधव चितले समिति द्वारा सुझाए गए उपायों की अनदेखी कर रही है और विशेषज्ञों को डर है कि भविष्य में इन शहरों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा।**



पिछले कुछ वर्षों में मुंबई महानगर के ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, बदलापुर, अंबरनाथ शहरों का महत्व बढ़ गया है। इन शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण और नगर पालिकाओं द्वारा विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। एक ओर जहां इन शहरों का तेजी से शहरीकरण हो रहा है, वहीं दूसरी ओर इन शहरों में जल आपूर्ति के स्रोत सीमित हैं और इनमें बारवी, भाटसा, आंध्रा बांध शामिल हैं। आंध्र, बारवी बांधों से उल्हास नदी के माध्यम से ठाणे क्षेत्र के शहरों को प्रतिदिन 1239 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। स्कूलों, औद्योगिक इकाइयों, ग्राम पंचायतों को लगभग 80 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है।

नई कालोनियों में पानी के स्वीकृत कोटे से ही पानी की आपूर्ति की जा रही है और इस कारण पुरानी और नई कालोनियों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है और पानी की कमी की समस्या बनी हुई है, नागरिकों में असंतोष का माहौल है . नवी मुंबई क्षेत्र का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। सरकारी आदेशानुसार एमआईडीसी, नगर पालिकाओं द्वारा उपलब्ध जल स्रोतों से इस नई बस्ती में पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी के इस सहानुभूतिपूर्ण वितरण के कारण मूल शहर की पुरानी बस्ती में कम दबाव से जलापूर्ति शुरू होने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में पानी को लेकर क्षेत्र में असंतोष की स्थिति पैदा हो जाएगी।

### चितले समिति की अनदेखी

ठाणे से आगे के शहरों में भविष्य में पानी की समस्या को हल करने के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने जल विशेषज्ञ डॉ. को नियुक्त किया है। 1998 में माधव चितले को समिति के रूप में नियुक्त किया गया था। समिति ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि ठाणे जिले के पालघर के पास कालू, शाई, पोशीर, पिंजल, सुसरी बांधों की स्थापना ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, भिवंडी, बदलापुर, उल्हासनगर क्षेत्र के गांवों की भविष्य की पानी की समस्याओं को हल करने के लिए महत्वपूर्ण है। निकट भविष्य में इस क्षेत्र की आबादी डेढ़ करोड़ से अधिक के आंकड़े पर पहुंच जायेगी, समिति ने रिपोर्ट में कहा कि इस बढ़ती आबादी की 1529 एमएलडी पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इन बांधों का काम निर्धारित चरण में पूरा होने पर ही सरकार विस्तारित क्षेत्र की पानी की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम होगी। इन प्रस्तावित बांधों के प्रमुख चरण 2016 तक पूरा होने की उम्मीद थी। लेकिन धन, भूमि अधिग्रहण, स्थानीय विरोध आदि कारणों से सरकार ने चितले समिति की रिपोर्ट को नजरअंदाज कर दिया। इसलिए भविष्य में पानी की समस्या बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं. इस समस्या के समाधान के लिए आने वाले समय में शाई, कालू, मोरबे, पिंजल, पोशीर बांधों के निर्माण पर जोर देने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है।

# पनवेल से बांग्लादेशी जोड़ा गिरफ्तार

**पनवेल:** एक बांग्लादेशी जोड़े ने अपनी मुस्लिम पहचान छुपाने के लिए हिंदू नाम से फर्जी आधार, पैन कार्ड, राशन कार्ड, चुनाव पहचान पत्र और बैंक पासबुक बनवाया, पनवेल में एक चौंकाने वाली घटना घटी है. यह घटना उग्रवाद निरोधक दस्ते की नवी मुंबई इकाई द्वारा की गई कार्रवाई के बाद सामने आई और यह जानकारी सामने आई कि यह जोड़ा चार साल से पनवेल शहर में अवैध रूप से रह रहा है.



आतंकवाद निरोधी दस्ते की नवी मुंबई इकाई को सूचना मिली कि एक बांग्लादेशी नागरिक पनवेल तालुक के कोलवाड़ी इलाके में अवैध रूप से रह रहा है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने गुरुवार (15:00) दोपहर कोलवाड़ी के पोपेटा बिल्डिंग में एक घर पर छापा मारा. इस समय घर में रह रहे रंजन सत्यरंजन दास उर्फ असलम कुदुस शेख (35) और उनकी पत्नी हुस्ना असलम शेख उर्फ मालिना रंजन दास (34) से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे गरीबी के कारण 2015 में घुसपैठ के जरिए भारत में दाखिल हुए थे. . साथ ही, दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने भारत में काम पाने के लिए मुस्लिम के रूप में अपनी पहचान छिपाकर हिंदू के नाम पर फर्जी आधार, पैन, भारतीय चुनाव पहचान पत्र, बैंक पासबुक आदि बनवाए। इस समय आतंकवाद निरोधी दस्ते ने दोनों के खिलाफ पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन में जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने और विदेशी व्यक्ति अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही पुलिस फर्जी दस्तावेज बनाने वालों की भी तलाश कर रही है.

**रिश्तेदारों से संपर्क करने के लिए व्हाट्सएप कॉलिंग**

इस ऑपरेशन में गिरफ्तार असलम कुदुस शेख 2016 से पनवेल इलाके में मजदूरी कर रहा है. उनका परिचय बांग्लादेशी महिला हुस्ना असलम शेख से हुआ, जो पनवेल के कोलवाड़ी इलाके में घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और रहने का पता चलने के बाद दोनों ने शादी कर ली। तब से पता चला है कि वह पिछले चार साल से यहीं रह रहा है. साथ ही बांग्लादेश में इस जोड़े के माता-पिता और रिश्तेदारों के लिए 'इमो' और 'व्हाट्सएप' कॉलिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# मुंबई से हैदराबाद की उड़ान रद्द, तकनीकी खामी के कारण बीच रास्ते से वापस लौटाई गई विस्तारा की फ्लाइट




**मुंबई :** मुंबई से हैदराबाद जाने वाली विस्तारा की एक फ्लाइट को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस लौटना पड़ा। एयरलाइन ने रविवार को बताया कि तकनीकि खराबी के कारण विमान को सुरक्षित वापस उतारा गया। घटना बताई जा रही है। पायलट ने बयान में बताया कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक वैकल्पिक फ्लाइट की व्यवस्था की गई थी। एयरलाइन ने कहा, 'उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद, 17 फरवरी 2024 को मुंबई से हैदराबाद के लिए संचालित होने वाली विस्तारा की उड़ान यूके531 में तकनीकी खराबी का पता चला।'

# मोटी कहने पर पत्नी ने किया सुसाइड, पति और ननद के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** मुंबई के भायखला इलाके में एक 33 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर उसे मोटी कहे जाने पर आत्महत्या कर ली है। अग्रीपाड़ा पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत के आधार पर, उसके पति और नन्द पर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तहमीना असलम कांडे 14 फरवरी को अपनी मां के घर पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। जब उसकी मां रजिया वसीम अंसारी (69) किसी काम से घर के बाहर गई थीं।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, महिला अवसाद में आ गई थी क्योंकि उसे अपने पति असलम कांडे (43) पर संदेह था कि उसने दूसरी महिला से शादी कर ली है। क्योंकि वह बच्चे को जन्म देने में असमर्थ थी। असलम और तहमीना की शादी 17 जनवरी, 2016 को हुई थी, लेकिन पारिवारिक मुद्दों और घर के कामकाज को लेकर असलम के माता-पिता के साथ जोड़े के नियमित झगड़े के कारण, वे दूसरी जगह रहने चले गए थे। कुछ दिनों के बाद दंपति में भी लड़ाई होने लगी और असलम दावा करता था कि तहमीना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह छोटी-छोटी बातों पर उससे लड़ती रहती है। उन्होंने बताया कि असलम एक बार झगड़े के बाद उसे उसकी मां के घर भी छोड़ गया था। अपने ब्यान में पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि, चूँकि तहमीना शारीरिक रूप से स्वस्थ थी, इसलिए असलम भी अक्सर उसे ताना मारते हुए कहता था, तू मोटी है, देखने में अच्छी नहीं है। इसको लेकर वह हमेशा डिस्टर्ब रहती थी। पुलिस ने असलम और उसकी बहन पर धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 498ए (महिला के पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि वह आरोप की पुष्टि करने के बाद ही कोई कार्रवाई करेगी।

दैनिक रोकठोक लेखनी
मुंबई : मंगलवार 20 फरवरी 2024



## जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला...

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत अम्बावाडी इलाके में एक जमीन को लेकर दो परिवारों में पिछले कई महीनो से विवाद चल रहा है। दोनों परिवारों में बोर्ड लगाने को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद एक परिवार ने दूसरे पर लोहे की रॉड से हमला कर तीन लोगों को जख्मी कर दिया पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धराओं के तहत मामल दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नालासोपारा पश्चिम ऊमराले गाँव निवासी दत्तात्रेय नाइक (62) की नालासोपारा (पूर्व) अम्बावाडी कई एकड़ जमीन है। कुछ साल पहले उन्होंने प्रदीप सिंह को यह जमीन किराए पर दी थी, सिंह ने यहा मैजिज हाल बनवाया।

# जल्द ही एमएसआरडीसी मुख्यालय किया जाएगा ध्वस्त, 29 एकड़ का कास्टिंग यार्ड का किया जाएगा पुनर्विकास...

**मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने बांद्रा रिक्लेमेशन में अपने मुख्यालय के साथ 29 एकड़ का कास्टिंग यार्ड विकसित करने का निर्णय लिया है। इस पुनर्विकास का ठेका अडानी समूह को दिया जाएगा और जल्द ही एमएसआरडीसी तुमदार राज्य मुख्यालय को ढहा दिया जाएगा और पुनर्विकास का काम शुरू हो जाएगा। इस साइट पर बनने वाली बिल्डिंग में एमएसआरडीसी को 50 हजार वर्गफीट का ऑफिस मिलेगा।

एमएसआरडीसी का मुख्यालय बांद्रा-वर्ली सी ब्रिज के पास सात एकड़ भूमि पर स्थित है। मुख्यालय के सामने 22 एकड़ का कास्टिंग यार्ड है. एमएसआरडीसी ने दोनों 29 एकड़ भूमि के पुनर्विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं। इसमें अडानी ग्रुप ने बाजी मार ली है और उन्हें जल्द ही इस काम का ठेका दे दिया जाएगा. इसलिए जल्द ही काम शुरू होने की संभावना है. पहले चरण में एमएसआरडीसी मुख्यालय के सात एकड़ क्षेत्र का पुनर्विकास किया जाएगा और दूसरे चरण में 22 एकड़ के कास्टिंग यार्ड का पुनर्विकास किया जाएगा। कास्टिंग यार्ड का उपयोग बांद्रा-वर्सोवा सी ब्रिज कार्य के लिए कास्टिंग यार्ड के रूप में किया




जा रहा है। एमएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गायकवाड़ ने बताया कि पुल का काम पूरा होने में चार साल लगेंगे जिसके बाद पुनर्विकास का दूसरा चरण शुरू होगा।

पहले चरण में कॉमर्शियल और रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। यह कार्य बरसात के बाद शुरू होने की संभावना है। इस चरण के परिसर में एमएसआरडीसी के पास 50 हजार वर्ग मीटर है। आंतरिक फर्नीचर सहित पैरों के लिए जगह ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। गायकवाड़ ने यह भी कहा कि एमएसआरडीसी मुख्यालय खाली होने और जमीन ढहाए जाने से लेकर नए मुख्यालय पर कब्जा होने तक अडानी प्रति माह 2 करोड़ रुपये किराया भी देगा। इस बीच मुख्यालय के लिए वर्तमान मुख्यालय से 4-5 किलोमीटर की दूरी पर किराए की जगह की तलाश की जा रही है. गायकवाड़ ने बताया कि संभवतः बीकेसी की सीट को प्राथमिकता दी जाएगी.

**"संयुक्त परियोजना, कोई जगह साझा नही"**

एमएसआरडीसी ने इस आरोप को खारिज कर दिया है कि बांद्रा रिक्लेमेशन साइट अडानी ग्रुप को दी जा रही है। एमएसआरडीसी और ठेकेदार संयुक्त साझेदारी तरीके से परियोजना को कार्यान्वित करेंगे। एमएसआरडीसी ने कहा कि परियोजना से होने वाले लाभ का 23 प्रतिशत एमएसआरडीसी को जाएगा और लागत को छोड़कर शेष लाभ ठेकेदार को जाएगा। दावा यह भी है कि इससे निगम को कम से कम आठ हजार करोड़ रुपये मिलेंगे।

## भाजपा के कई विधायक हमारे सम्पर्क में : पटोले

**मुंबई :** मुंबई लोकसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पार्टी में भारी फुट की दावा कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भाजपा में प्रवेश किया। चव्हाण के बाद कांग्रेस के कई और विधायक जल्द भाजपा में शामिल होंगे ऐसा दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता कर रहे हैं। इसके उलट कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को बड़ा दावा उन्होंने कहा कि भाजपा के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। पटोले ने कहा है कि समय आने पर



हम सही फैसला लेंगे, उनके इस बयान के बाद अब कई तरह के तर्क लगाए जा रहे हैं।

**सौ सोनार की ना एक लोहार की**

पटोले ने कहा कि सौ सोनार की एक लोहार की जब कांग्रेस जब हथौड़ा मारेगी तब लोग देखेंगे, पटोले ने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र को जलाने का पाप किया, उसे महाराष्ट्र को जलाने का कोई अधिकार नहीं है। फिलहाल भाजपा के कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। लेकिन हम इस पर सही समय पर फैसला लेंगे, वहीं भाजपा ने की ओर से कहा जा रहा है कि चव्हाण और विधायकों के बीच बैठक चल रही हैं। इस पर भाजपा नेता परिणय फुके ने प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों की संख्या तक बता दी है।

## नवी मुंबई में कुत्तों को लेकर हुए झगड़े में दो परिवारों पर हमला... प्राथमिकी दर्ज

**ठाणे :** नवी मुंबई में पुलिस ने कुत्तों को लेकर हुए झगड़े की अलग-अलग घटनाओं में दो परिवार के लोगों पर किये गये हमले के संबंध में दो मामले दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शनिवार रात नेरुल में अलग-अलग स्थानों पर कुत्तों को लेकर झगड़े की घटनाएं सामने आईं। पहले मामले में, म्हात्रे परिवार और कुछ अन्य लोगों का आवारा कुत्तों को खाना खिला रही 24 वर्षीय




महिला और उसकी बहन से झगड़ा हो गया। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर महिला और उसके परिवार के सदस्यों की पिटाई कर दी। पुलिस ने रविवार को आठ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। दूसरे मामले में, परवे परिवार के पांच सदस्यों का कुत्ते के भौंकने के कारण 65 वर्षीय महिला से झगड़ा हो गया। नेरुल थाने के एक अधिकारी ने रविवार को इस मामले में दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में जबरन प्रवेश किया और उनके परिवार के सदस्यों पर हमला करने के साथ उनसे गाली-गलौज की।

## राज्यपाल रमेश बैस ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**मुंबई:** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने सोमवार को राजभवन में छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी 394वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फड़नवीस ने शिवनेरी किले में शिवाजी महाराज की जयंती के समारोह में भाग लिया। इससे पहले सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को मुंबई के चेंबूर में शिवाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री ने अपने 'एक्स' खाते में शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ह्वअखंड हिंदुस्तान के पूज्य देवता, हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, महाराजाधिराज श्री #छत्रपति #शिवाजीमहाराज को उनकी जयंती पर नमन ह्व सीएम शिंदे ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किल और प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन भी किया.

## लिव-इन पार्टनर ने की आत्महत्या... 38 वर्षीय प्रेमी पर मामला दर्ज

**कांदिवली :** 15 फरवरी को समता नगर पुलिस स्टेशन में 38 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था, जब उसकी लिव-इन पार्टनर ने पिछले महीने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। सना करमाली (36) और भाविक शाह कांदिवली पूर्व में रहते थे। 23 जनवरी को सना ने शराब और डायबिटीज की दवा खा ली, जिससे उनकी मौत हो गई. सना की बहन ने भाविक के खिलाफ मामला दर्ज कराया और आरोप लगाया कि उसके अन्य लड़कियों के साथ संबंधों के कारण सना ने अपनी जान दे दी। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, सना जून 2023 तक अपने माता-पिता के साथ बांद्रा वेस्ट में रहती थीं।

पिछले 3-4 सालों से वह डिप्रेशन से पीड़ित थीं और बताई गई दवाएं ले रही थीं। 2020 में जुहू के एसएनडीटी कॉलेज में



फैशन डिजाइनर का कोर्स करते समय उसकी दोस्ती भाविक से हुई, जो खिलौना निर्माण व्यवसाय चलाता था। वह डिप्रेशन और डायबिटीज से भी जूझ रहे थे। जून 2023 में सना भाविक के साथ रहने लगी। लेकिन जल्द ही दोनों के रिश्ते में मतभेद उभर आए.सना ने अपनी बहन सबा को भाविक के शराबी और अपमानजनक स्वभाव के बारे में बताया। उसकी बहन ने उसे अपने माता-पिता के घर लौटने की सलाह दी, लेकिन सना ने भाविक को एक और मौका देने का फैसला किया। 26 अक्टूबर 2023 को भाविक की डायबिटीज की दवा खाने के बाद सना को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंभीर होते हुए भी वह बच गई। सना ने अपनी बहन को बताया कि भाविक के कई अफेयर्स के कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी।

परिवार की मध्यस्थता की कोशिशों के बावजूद, भाविक ने सना के परिवार से संपर्क तोड़ दिया। 24 जनवरी को पुलिस ने सना के परिवार को कथित तौर पर आत्महत्या के कारण कांदिवली पूर्व के एपेक्स अस्पताल में उसकी मौत की सूचना दी। भाविक ने स्वीकार किया कि उसकी मृत्यु से एक दिन पहले, उसके और सना के बीच अन्य लड़कियों के साथ उसके संबंधों को लेकर बहस हुई थी, जिसके बाद उसने शराब पी और मधुमेह की दवाएँ खा लीं। सना की बहन ने भाविक के खिलाफ केस दर्ज कराया और आरोप लगाया कि उसने जानबूझकर सना को आत्महत्या के लिए मजबूर किया।

## टाटा हॉस्पिटल ने बच्चों में कैंसर के इलाज के लिए पांच संबद्ध केंद्रों में सुविधाएं प्रदान करने का लिया निर्णय...

**मुंबई:** टाटा हॉस्पिटल ने बच्चों में कैंसर के इलाज के लिए पांच संबद्ध केंद्रों में सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में एक योजना तैयार की जा रही है और इन केंद्रों के माध्यम से हर साल छह हजार से अधिक मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा.

परेल स्थित टाटा अस्पताल में कैंसर से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है. टाटा हॉस्पिटल के माध्यम से हर साल खारघर, गुवाहाटी, वाराणसी, विशाखापत्तनम और चंडीगढ़ के अस्पतालों में 4,000 से अधिक मरीजों का इलाज किया जाता है। चंडीगढ़ और विशाखापत्तनम में सिर्फ 100 बच्चों के इलाज की सुविधा है। लेकिन अधिक बच्चों को इलाज मिल सके, इसके लिए टाटा हॉस्पिटल ने कमर कस ली है और सभी संबद्ध केंद्रों में बाल रोगियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का फैसला किया है। फिलहाल यह



सुविधा छह केंद्रों पर उपलब्ध है, लेकिन जल्द ही अन्य पांच केंद्रों पर भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी. प्रत्येक केंद्र को हर साल कम से कम एक हजार मरीजों का इलाज करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। टाटा अस्पताल के पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख ने बताया कि सभी केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने में कम से कम दो साल लगने की संभावना है. गिरीश चिन्नास्वामी द्वारा दिया गया। देश में हर साल लगभग 70,000 बच्चों में कैंसर का पता चलता है। टाटा के मरीजों ने कोई रास्ता निकालने के लिए अपनी कमर कस ली है।



# मलाड रेलवे स्टेशन पर कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़!



**मलाड :** मलाड रेलवे स्टेशन पर एक कॉलेज छात्रा से अज्ञात आरोपी ने छेड़छाड़ की और भाग गया. इस मामले में बोरीवली रेलवे पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से भागे आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. शिकायतकर्ता 20 साल की लड़की है जो अपने परिवार के साथ मलाड में रहती है. पीड़ित लड़की शुक्रवार सुबह 4 बजे मलाड से लोकल ट्रेन से चर्चगेट के लिए जा रही थी. सुबह का समय होने के कारण चर्चगेट जाने वाले स्थानीय लोगों की बहुत भीड़ थी। तो जब वह विकलांग कोच में चढ़ रही थी तो एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उसे अश्लील तरीके से छूकर उसके साथ छेड़छाड़ की; लेकिन भीड़ के कारण वह उसे देख नहीं सकी. अगले दिन, उसने बोरीवली रेलवे पुलिस को घटना की सूचना दी। 36 घंटे बाद उसने पुलिस को सूचना दी। इसलिए पुलिस ने उसका बयान दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है. इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठों ने बोरीवली रेलवे पुलिस को जांच के आदेश दिए थे. इन आदेशों के बाद पुलिस ने मलाड रेलवे स्टेशन से सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिया है और जांच जारी है.

# कलवा-ऐरोली एलिवेटेड लोकल कॉरिडोर, 48 प्रतिशत काम पूरा
# कल्याण से सीधे नवी मुंबई जाएगी लोकल ट्रेन

**मुंबई :** मुंबई एमएमआर में उपनगरों के बीच सीधी कनेक्टिविटी को लेकर कई प्रोजेक्ट पर तेजी से कार्य हो रहा है। लोकल ट्रेन के माध्यम से कल्याण-डोम्बिवली को सीधे नवी मुंबई से जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित ऐरोली-कलवा एलिवेटेड कॉरिडोर को भी गति मिली है। सेंट्रल लाइन के कलवा से ट्रांस हार्बर लाइन को जोड़ने के लिए ऐरोली-कलवा उपनगरीय एलिवेटेड कॉरिडोर का काम एमआरवीसी के माध्यम से किया जा रहा है।

**सेकंड गर्डर की लॉचिंग**

ऐरोली-कलवा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर दिघा स्टेशन के पास सेकंड गर्डर की लॉचिंग रविवार को की गई। एमआरवीसी में मुख्य प्रवक्ता सुनील उदासी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का 48 प्रतिशत काम हो गया है। रविवार को मुकुंद आरयूबी पर 47.7 मीटर स्पैन के 140 मीट्रिक ओपन वेब गर्डर



की सफलतापूर्वक लॉचिंग की गई। इसके पहले दो पुल और आरयूबी का काम पूरा हो गया है। इस मार्ग में बनने वाले सभी ब्रिजों के जीएडी को सेंट्रल रेलवे की मंजूरी भी मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि कलवा-ऐरोली एलिवेटेड कॉरिडोर के काम में अभी भी 868 झोपड़े बाधा बने हुए हैं। एमआरवीसी के अनुसार इस कॉरिडोर के लिए 2.44 हेक्टेयर भूखंड की आवश्यकता है, जिसमें से 0.57 हेक्टेयर निजी और 1.87 हेक्टेयर सरकारी भूमि है। इनमें सरकारी भूमि का अधिग्रहण तो एमआरवीसी ने कर लिया है, जबकि निजी भूमि को ताबे में लेने की प्रक्रिया शुरू है। यहां शिवाजी नगर व भोला नगर में बसे 868 झोपड़ों के पुनर्वास का जिम्मा एमएमआरडीए को दिया गया है। बताया गया कि एमएमआरडीए ने ठाणे के भायंदरपाड़ा में झोपड़ावासियों को मकान देने की योजना बनाई। इनमें 82 परिवारों को फ्लैट का आवंटन भी किया गया। इसके अलावा एमएमआरडीए ने बालकुम इलाके में रेंटल हाउसिंग में घर आवंटन की योजना बनाई है। लेकिन निवासियों व स्थानीय प्रतिनिधियों के विरोध के चलते अब तक काम रुका हुआ है।

कलवा-ऐरोली एलिवेटेड प्रोजेक्ट की कुल स्वीकृत लागत 476 करोड़ बताई गई है। वैसे इसे 36 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन झोपड़ों की वजह से समय पर काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस कार्य को दो चरणों में पूरा करने की योजना है। इनमें दिघा रेलवे स्टेशन का काम तो पूरा हो चुका है।

## बीएमसी ने विभागों को 'अतिक्रमणित' नियंत्रण कक्ष खाली करने का निर्देश दिया



बीएमसी ने स्थानीय आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक वार्ड में एक आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। आश्चर्यजनक रूप से, इनमें से कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों पर अन्य नागरिक विभागों द्वारा 'अतिक्रमण' किया हुआ पाया गया। हाल ही में एक समीक्षा बैठक में, डॉ. सुधाकर शिंदे, जो आपदा प्रबंधन सेल के प्रभारी भी हैं, ने कब्जे वाले कार्यालयों को तुरंत स्थानांतरित करने और नियंत्रण कक्षों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।

नागरिक निकाय का अत्याधुनिक आपदा नियंत्रण कक्ष 1999 में इसके सीएसएमटी मुख्यालय में स्थापित किया गया था। केंद्र में फायर ब्रिगेड, रेलवे और पुलिस के साथ त्वरित संचार के लिए 55 सीधी हॉटलाइन हैं, इसके अलावा शहर भर में 5,000 सीसीटीवी से लाइव फीड तक पहुंच है। नियंत्रण कक्ष आपात स्थिति के दौरान विभागों और क्रैक टीमों के बीच सूचना के प्रसार और समन्वय के लिए मुख्य केंद्र है। बाद में, बीएमसी ने आपात स्थिति, खासकर मानसून अवधि के दौरान तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए प्रत्येक वार्ड में ऐसे नियंत्रण कक्ष शुरू किए। पिछले साल, नागरिक अधिकारियों ने अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने की तैयारी, शमन और रोकथाम के लिए एक वार्ड-स्तरीय आपदा प्रबंधन टीम बनाने का निर्णय लिया।

केंद्रों को जल्द से जल्द बहाल करने का निर्देश देते हुए, डॉ शिंदे ने कहा, ह्वनियंत्रण कक्ष ने एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना और उन वार्डों में आपात स्थिति के मामले में सहायता प्रदान करना शुरू कर दिया है। हालांकि, मुझे पता चला कि इसके बजाय कुछ अन्य विभाग की गतिविधियां की गईं। मैंने अधिकारियों को आवश्यक बदलाव करने के सख्त निर्देश दिए और उन्होंने कार्यान्वयन भी शुरू कर दिया है।''

# मुंबई और पालघर में 21 और 22 फरवरी को बारिश होने की संभावना...

## मुंबईकरों को मिलेगी गर्मी से थोड़ी राहत, गिरेगा पारा

**मुंबई:** आगामी दो दिनों में उत्तरी महानगर और आसपास के क्षेत्र में बेमौसम बारिश होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बुधवार और गुरुवार को उत्तरी मुंबई में हल्की बारिश हो सकती है। इससे मुंबईकरों को गर्मी से राहत मिल सकती है। उत्तरी मुंबई और पालघर में 21 और 22 फरवरी को बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञ ऋषिकेश आग्रे ने बताया कि बुधवार तक एक सिस्टम (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) आने वाला है। यह सिस्टम जब भी आता है तो अपने साथ बारिश लेकर



आता है। देश के उत्तरी हिस्सों में बारिश होती है, लेकिन इस बार इसका इफेक्ट पालघर और उत्तरी मुंबई तक भी देखने को मिल सकता है।

मौसम विशेषज्ञ ऋषिकेश आग्रे ने बताया कि बुधवार तक एक सिस्टम (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) आने वाला है। यह सिस्टम अपने साथ अरब सागर से नमी लेकर आएगा, जिसके चलते यह बारिश होने के लिए अनुकूल समीकरण तैयार करता है। हालांकि बारिश हुई भी तो हल्की-फुल्की हो सकती है। पालघर में थोड़ी अच्छी बरसात भी हो सकती है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के निदेशक सुनील कांबले ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को मुंबई के आसमान में बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश होगी ही, यह नहीं कह सकते हैं। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस गुजरने के बाद महानगर के तापमान में गिरावट आएगी। मौसम में बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव का असर मुंबईकरों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। जेजे अस्पताल के मेडिसिन विभाग के यूनिट हेड डॉ. मधुकर गायकवाड ने बताया कि तापमान में अचानक से उतार-चढ़ाव अक्सर स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। इसलिए लोगों को धूप में सफर करने के बाद तुरंत एसी में नहीं बैठना चाहिए या फिर ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिए।

### मुंबईकरों को मिलेगी गर्मी से थोड़ी राहत

**मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया कि इस सिस्टम के चलते मुंबईकरों को गर्मी से राहत मिलेगी। सिस्टम के पूर्व की ओर बढ़ने के बाद उत्तर से दक्षिण की ओर ठंडी हवाओं का प्रवाह शुरू हो जाएगा। ऐसे में दिन का तापमान लुढ़क कर 30 डिग्री सेल्सियस तक आ जाएगा और रात का तापमान घटकर 17 डिग्री तक आ जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को उपनगर का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

## मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार...



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई वाहन चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 4 वाहन जप्त किए हैं। जिनकी बाजार कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए है। आरोपी ने शहर में चार वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। दरअसल मोबाइल और वाहन चोर को खोजने वाली टीम को खबर मिली थी कि एक आरोपी नवी मुंबई के कमोठे इलाके में आनेवाला है। जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चार वाहन बरामद कर लिए। उसने कलंबोली और कामोठे इलाके में कई घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। इसलिए अब पुलिस ने आगे की जांच के लिए उसे कामोठे पुलिस के हवाले कर दिया है।

# 22 फरवरी को वंचित बहुजन अघाड़ी का नगर निगम कार्यालय पर मार्च

**मुंबई:** 15 फरवरी को मुंबई नगर निगम के एल डिविजन कार्यालय द्वारा कुर्ला नेहरू नगर स्थित वंचित बहुजन अघाड़ी कार्यालय के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई. हालांकि, इस कार्रवाई से पहले नगर निगम की ओर से बेदखली संबंधी कोई नोटिस नहीं मिला था. साथ ही वंचित बहुजन अघाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के कार्यालय को तोड़ दिया गया. पालिका के इस प्रशासन के खिलाफ 22 फरवरी को वंचित बहुजन आघाड़ी पालिका के एल डिविजन कार्यालय पर विरोध मार्च निकालेगी. कुर्ला में वंचित का कार्यालय लगभग 2 वर्षों से आंगनबाड़ियों में बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। तदनुसार, 15 फरवरी को कार्यालय में किंडरगार्टन कक्षाएं भी शुरू होंगी। हालांकि, वंचित के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बिना किसी पूर्व सूचना के नगर निगम कर्मचारी और पुलिस कार्यालय के बाहर जमा हो गए और बेदखली की प्रक्रिया शुरू कर दी। ऑपरेशन के दौरान किंडरगार्टन में पढ़ रहे कुछ बच्चों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने यह भी कहा. दफ्तर तोड़ने के बाद नगर निगम ने वंचित कार्यकर्ता के पास बनी चाय की टपरी पर भी हथौड़ा चला दिया. हालांकि, वंचित के कुर्ला तालुका अध्यक्ष स्वप्निल खेबेकर ने आरोप लगाया कि चाय बागान से सटे दूसरे पक्ष के अनधिकृत निर्माण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई केवल वरिष्ठ नेता के आदेश पर और कुर्ला क्षेत्र में वंचित बहुजन पार्टी की बढ़ती उपस्थिति को रोकने के लिए की गई थी। मनपा द्वारा इस कार्रवाई को गलत तरीके से क्रियान्वित करने के कारण वंचित बहुजन आघाडी मनपा के एल डिविजन कार्यालय पर मार्च निकालेगी।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com